दिन–गुरूवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 02/05/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 05 मिनट

लोकसभा चुनाव के तीसरे और चौथे चरण के लिए प्रचार अभियन चरम पर पहुंच गया है। एनडीए और इंडी गठबंधन के वरिष्ठ नेता अपने–अपने उम्मीदवारों के समर्थन में जनसभाओं और रैलियों को संबोधित कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आज अररिया में एक जनसभा को संबोधित किया। श्री नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत नेतृत्व ने देश को कोविड महामारी से लड़ने की ताकत दी है। उन्होंने कहा कि चाहे लॉकडाउन हो या टीकाकरण, प्रधानमंत्री के उचित फैसलों ने एक सौ चालीस करोड़ लोगों की जान बचाई। श्री नड्डा ने कहा कि संकट के समय में कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल ने टीकाकरण को लेकर लोगों को गुमराह करने की कोशिश की। इधर, पार्टी के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सारण में पार्टी प्रत्याशी राजीव प्रताप रूढ़ी के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित किया। श्री सिंह ने कहा कि विपक्षी दल आरक्षण, धर्म और संविधान के नाम पर लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के विकास के लिए समर्पित हैं। श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने तीसरे कार्यकाल में वर्ष दो हजार सत्ताईस तक देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना देंगे।

——————————————————

इधर, जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज सुपौल लोकसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी दिलेश्वर कामैत के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। श्री कुमार ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियों की चर्चा करते हुये लोगों से एनडीए उम्मीदवार के समर्थन में मतदान की अपील की। इस बीच, चुनाव प्रचार पर निकलने से पूर्व पटना में संवाददाताओं से बातचीत में राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि उन्होंने सरकार में रहते हुये मात्र सत्रह महीने की अवधि में पांच लाख युवाओं के लिए सरकारी नौकरी की व्यवस्था की। साथ ही उनके द्वारा की गयी पहल से ही तीन लाख और युवाओं के लिए नौकरी की व्यवस्था हो रही है।

——————————————————

सारण लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार राजीव प्रताप रूढ़ी ने आज अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। श्री रूढ़ी के साथ एनडीए के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

नामांकन से पूर्व उन्होंने छपरा में रोड शो भी किया। इधर, लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र से नामांकन का पर्चा दाखिल किया। वहीं, पश्चिम चम्पारण से इंडी गठबंधन से राजद प्रत्याशी दीपक यादव और मधुबनी से भाजपा प्रत्याशी आशोक कुमार यादव ने नामांकन पत्र भरा।

———————————————————————

पद्म पुरस्कार दो हजार पच्चीस के लिए ऑनलाइन नामांकन और अनुशंसा की प्रक्रिया शुरू हो गई है। नामांकन की अंतिम तिथि पंद्रह सितंबर दो हजार चौबीस है। इन पुरस्कारों के लिए नामांकन और अनुशंसा ऑनलाइन प्राप्त की जाएंगी। पद्म पुरस्कारों के अंतर्गत पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री पुरस्कार आते हैं। ये देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से हैं। वर्ष उन्नीस सौ चौवन से शुरू किये गये इन पुरस्कारों की घोषणा हर साल गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है। यह पुरस्कार कला, साहित्य तथा शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान और इंजीनियरिंग, सार्वजनिक मामले, सिविल सेवा, व्यापार और उद्योग सहित सभी विषयों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों के लिए दिया जाता है।

———————————————————————

पूरा प्रदेश भीषण गर्मी और लू की चपेट में है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज सुपौल और अररिया जिले में भीषण लू की स्थिति बनी हुई है। वहीं, भागलपुर, पूर्णियां, पूर्वी चम्पारण, शेखपुरा, गोपालगंज, खगड़िया और बांका जिले में भी कुछ स्थानों पर लू की स्थिति है। विभाग के अनुसार अधिकांश स्थानों का अधिकतम तापमान बयालीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला गया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान बयालीस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ शेखपुरा राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। पटना का अधिकतम तापमान चालीस दशमलव सात डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले दो दिनों के बाद राज्य के अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है।

———————————————————————

भोजपुर जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र अन्तर्गत कमालूचक घाट पर बालू माफिया के बीच आपसी वर्चस्व में हुई गोलीबारी में दो मजदूरों की मौत हो गयी। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि मौके पर पचास राउंड से अधिक फायरिंग हुई। उन्होंने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।